पंजाब केसरी
26-12-2025

'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे' में निधि नारंग की प्रस्तुति ने समां बांधा

डॉ. रोहित दत्त, निधि नारंग, राधिका ग्रोवर, दीक्षा मक्कड़, डॉ. सोनिका सेठी समेत 15 विभूतियां 'कला संरक्षण सम्मान' से अलंकृत

अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम 'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे' के दौरान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को 'कला संरक्षण सम्मान' से अलंकृत करते आयोजक एवं अतिथि। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 25 दिसम्बर (बलराम): महान गायक मोहम्मद रफी का 101वां जन्मदिवस मनाने और महान अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से बुधवार देर शाम अम्बाला छावनी के जिया वाटिका में अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम 'ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे' अत्यंत भव्य, भावपूर्ण एवं ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। कार्यक्रम का आकर्षण अम्बाला की सुप्रसिद्ध गायिका निधि नारंग की विशेष प्रस्तुति रही, जिन्होंने अपनी सशक्त, भावपूर्ण एवं प्रभावशाली गायकी से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खबू सराहा।

समारोह के दौरान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, प्रसिद्ध गायिका निधि नारंग एवं राधिका ग्रोवर, कत्थक नृत्यांगना दीक्षा मक्कड़, शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. सोनिका सेठी, नृत्यांगना अंजू मिगलानी, संगीतकार परवीन राठी, समाजसेवी डॉ. विवेक मल्होत्रा, पर्यावरणविद् डॉ. सुरेश चंद्र कौल, रंगकर्मी मनमोहन शर्मा, पूजा अरोड़ा, डाइटीशियन शिवा कुमार, विकास घैवरी, संदीप चोपड़ा एवं रितिका गुलाटी जैसी विभूतियों को कला क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'कला संरक्षण सम्मान' से अलंकृत किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अम्बाला कैंटोनमैंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल आनंद शर्मा, दिविसा हर्बल्स प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक राधिका चीमा, योगा फैड़रेशन के चेयरमैन राजिंदर विज एवं समाजसेवी बलबीर सिंह ने शिरकत की। क्लब के चेयरमैन डॉ. नवीन गुलाटी ने पौधा भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मोहम्मद रफी एवं महान अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। मंच पर अपनी सुमधुर गायिकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले कलाकारों में संजीव भूटानी, राधिका ग्रोवर, लक्की, डॉ. मनजीत कौर, इंडियन आइडल फेम कबीर भोला, दीपांशी, परमजीत बत्रा, नैन्सी, डॉ. नवीन चावला, मनीष मल्होत्रा, एडवोकेट हरजीत संधू तथा नीति गोगिया शामिल रहे। सभी कलाकारों ने मोहम्मद रफी के अमर गीतों को जीवंत कर दिया और दर्शकों से भरपूर तालियां बटोरीं।

क्लब के चेयरमैन डॉ. नवीन गुलाटी ने इस आयोजन के लिए सभी कलाकारों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अम्बाला म्यूजिकल क्लब भविष्य में भी संगीत एवं कला के संरक्षण के लिए इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा। मंच का कुशल संचालन डॉ. सोनिका सेठी एवं प्रेम महिंद्रू द्वारा किया गया। क्लब के प्रधान संजीव भूटानी, संरक्षक प्रेम महिंद्रू एवं सचिव दीपिका मल्होत्रा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी लगभग एक महीने से चल रही थी, जिसके कारण महान गायक मोहम्मद रफी को समर्पित इस शाम को यादगार बनाया जा सका और समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेकर संगीत प्रेमियों ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।